# परिषदीय विद्यालयों में शून्य तो कहीं मिले दो बच्चे

## कलान क्षेत्र में विद्यालयों के निरीक्षण में बीएसए को मिलीं अव्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बीएसए को कई शिक्षक मिले अनुपस्थित, एमडीएम के आटे में मिले कीड़े

**अमृत विचार :** बीएसए रणवीर सिंह ने शनिवार को विकास क्षेत्र कलान के कई स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें स्कूलों में तमाम अनियमितताएं मिलीं, जिस कारण संबंधित प्रधान अध्यापकों और शिक्षकों का वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस किए गए हैं।

बीएसए ने बताया कि उच्च प्राथमिक विद्यालय दसिया में अनुदेशक अमल यादव व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित मिले। पंजीकृत 113 के सापेक्ष मात्र छह बच्चे मिले। शिक्षक धर्मेंद्र दुबे लंबे समय से अनुपस्थित थे, जिनका वेतन रोक दिया गया है। कंपोजिट विद्यालय पनगाह नगला में 216 छात्रों के सापेक्ष 47 बच्चे उपस्थित मिले। पिछले तीन दिवसों की एमडीएम पंजिका में छात्र संख्या 95-9500 अंकित थी, जो संदेहास्पद मानी गई। इंचार्ज प्रधानाध्यापक शैलेंद्र सिंह का वेतन रोक दिया गया। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय ज्योतिया में निरीक्षण किया गया। इस दौरान सहायक अध्यापिका प्राची गुप्ता अनुपस्थित थीं। स्कूल में एक भी छात्र मौजूद नहीं था, जबकि पंजीकृत छात्रों की संख्या 84 है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुशील कुमार स्कूल के अभिलेख अपने घर पर रखते हैं। गंभीर लापरवाही मानते हुए बीएसए ने सुशील कुमार और प्राची गुप्ता का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया है। प्राथमिक विद्यालय दसिया में बीएसए को शिक्षक सरिता सिंह और दुष्यंत कुमार सिंह यादव अनुपस्थित मिले। इंचार्ज प्रधानाध्यपक पुष्पेंद्र कुमार शिक्षकों के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। स्कूल में पंजीकृत 181 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष मात्र 10 बच्चे मौजूद मिले। एमडीएम पंजिका में पिछले तीन दिन में क्रमशः145,140,145 छात्र संख्या अंकित थी, जो संदेहास्पद थी। बीएसएस ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक पुष्पेंद्र कुमार और सरिता सिंह और दुष्यंत कुमार यादव का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।


निरीक्षण के दौरान स्कूल में बच्चों से सवाल के उत्तर पूछते बीएसए रणवीर सिंह।

### स्कूल में राशन के नाम पर था सिर्फ आटा



उच्च प्राथमिक विद्यालय धर्मपुर गनेशपुर में सहायक अध्यापक आशिक खां लंबे समय से अनुपस्थित थे, जिसकी सूचना उन्हें नहीं दी गई थी। पंजीकृत 38 छात्रों के सापेक्ष मात्र दो बच्चे स्कूल में मिले, जबकि एमडीएम पंजीका में 25, 26-26 दर्ज मिले। विद्यालय में कंडे रखे पाए गए। गैस चूल्हे के स्थान पर अंगीठी में खाना बनता पाया गया। राशन के नाम पर स्कूल में सिर्फ आटा था, जिसमें बहुत कीड़े मिले। बीएसए ने लापरवाही के चलते इंचार्ज प्रधानाध्यापक हरेंद्रपाल सिंह और शिक्षक आशिक खां का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

## स्कूलों का समय बदलने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश कुमार मिश्र ने डीएम को पत्र भेजकर गर्मी को देखते हुए प्राथमिक विद्यालयों का समय परिवर्तन किए जाने का आग्रह किया है।

शनिवार को इस संबंध में शिक्षक नेता ने डीएम के कैंप कार्यालय में एक पत्र भी दिया है। जिलाध्यक्ष ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि वर्तमान में परिषदीय विद्यालयों का समय सुबह आठ से अपरान्ह दो बजे तक है।

इस समयावधि में बच्चों को कड़ी धूप, गर्म हवा एवं दिन के सर्वाधिक तापमान का सामना करना पड़ता है, जिस कारण उपस्थिति भी प्रभावित हो रही है। छात्रहित में स्कूल संचालन का समय परिवर्तित करते हुए सुबह 7.30 से 12.30 तक किया जाना उचित रहेगा।

# सुदामा स्कूल की छात्राओं ने समझाया वोट का महत्व


खिरनीबाग चौराहे पर राहगीरों को वोट का महत्व समझातीं सुदामा स्कूल की छात्राएं।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने शुक्रवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्य डॉ. राखी मिश्रा के मार्गदर्शन में छात्राओं की टोली ने खिरनीबाग चौराहा समेत डोर टू डोर मतदाताओं से संपर्क कर लोगों को वोट का महत्व समझाया। छात्राओं ने दुकानदारों, ठेले वालों और राहगीरों को वोट डालने के लिए जागरूक कर लोकसभा चुनाव में वोट रूपी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। जागरूकता कार्यक्रम में शिक्षिकाओं का भी योगदान रहा।

## सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती

**पुवायां, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनके छायाचित्र के समक्ष पुष्पार्चन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमदेव मिश्र व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कृष्ण रहे। डॉ. भीमराव आंबेडकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता कृष्ण ने कहा कि वह असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे। डॉ. भीमराव ने संघर्ष करते हुए भारत को एक नई दिशा देने का कार्य किया। शिक्षा के क्षेत्र में 32 डिग्रियां प्राप्त करने वाले प्रथम महापुरुष थे। जिस समय उनका जन्म हुआ उस समय भारत देश विभिन्न कुरीतियां व छुआछूत की भावना से ग्रसित था। विषम परिस्थितियां होने पर भी आंबेडकर ने न केवल समाज में समन्वय का कार्य किया बल्कि भारत की स्वतंत्रता के बाद संविधान निर्माता का कार्य कर भारत की आजादी को अक्षुण्ण किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सोमदेव मिश्र ने कहा कि डॉ. आंबेडकर के चरित्र का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने शिक्षा पर बल दिया है और शिक्षा के आधार पर ही किसी भी समाज और देश का उद्धार संभव है।






















The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र-क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।

चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
सुशीला देवी
प्रधान
संजीव कुमार शुक्ला
प्रधान पुत्र
ग्राम पंचायत पदई वि.खं. सिधौली, शाहजहांपुर

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# बोरी और सूख के नाम पर लगाया जा रहा किसानों को चूना

## केंद्रों पर 300 से 500 ग्राम तक प्रति बोरी ज्यादा तौला जा रहा गेहूं

- 100 ग्राम की बोरी के बदले लिया जा रहा है 200 ग्राम गेहूं
- कहीं-कहीं प्रति बोरी 500 ग्राम तक ज्यादा तौला जा रहा गेहूं
- 100 क्विंटल बेचने पर लग रही 2300 रुपये की चपत

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सरकारी खरीद केंद्रों से किसानों का मोहभंग यूं ही नहीं है। सेंटरों पर किसानों को तमाम तरह की परेशानियों के साथ-साथ आर्थिक चूना भी लगाया जा रहा है। प्रति बोरी औसतन 300 ग्राम ज्यादा गेहूं तौला जा रहा है। कहीं कहीं तो प्रति बोरी 500 ग्राम तक ज्यादा गेहूं लिया जा रहा है। ऐसे में प्रति क्विंटल एक किलो की चपत किसान को लग रही है। प्रति 100 क्विंटल पर एक क्विंटल गेहूं अंडरग्राउंड किया जा रहा है। ऐसे में किसान को 100 क्विंटल गेहूं बेचने पर लगभग 2300 रुपये का नुकसान हो रहा है। गेहूं पूरी तरह से सूखा होने के बाद भी सूख के नाम पर ज्यादा तौल हो रही है।

सरकार को गरीबों को निःशुल्क बांटने के लिए गेहूं नहीं मिल पा रहा है। बीते दो साल से गेहूं खरीद निराशाजनक है। कुल गेहूं का दो प्रतिशत भी सरकार नहीं खरीद पा रही है। इसका कारण सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को होने वाली परेशानी और क्रय केंद्र प्रभारियों की मनमानी है। इसके साथ सेंटरों पर वजन से ज्यादा गेहूं तौल कर किसानों को आर्थिक नुकसान भी पहुंचाया जा रहा है। कहीं 300 ग्राम तो कहीं आधा किलो प्रतिबोरी ज्यादा गेहूं तौला जा रहा है। 200 से 300 ग्राम तक बोरी के वजन के नाम पर और 100 से 200 ग्राम तक नमी के नाम पर ज्यादा गेहूं लिया जा रहा है। इससे किसान परेशान हैं। कई बार इसकी शिकायत अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**केस 1**

बंडा क्षेत्र के किसान रतन बाबू शुक्रवार को मामले की शिकायत करने डिप्टी आरएमओ कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि बीते दिनों उन्होंने बंडा उप मंडी में अपना गेहूं बेचा। इस दौरान उनसे प्रति बोरी 500 ग्राम ज्यादा गेहूं तौला जाने लगा। जब उन्होंने उप मंडी सचिव से इसकी शिकायत की तो उन्होंने डिप्टी आरएमओ से शिकायत करने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने सेंटर इंचार्ज को मौके पर भेजा, लेकिन फिर भी 300 ग्राम प्रति बोरी पर ज्यादा गेहूं तौला गया।

**केस 2**

सिंधौली क्षेत्र के किसान गुड्डू ने बताया कि बीते दिनों उन्होंने रोजा मंडी में अपना गेहूं बेचा था। उनका प्रति बोरी 300 ग्राम ज्यादा गेहूं तौला गया। उन्होंने मामले की शिकायत की तो पता चला कि 300 ग्राम ज्यादा गेहूं तौला ही जाता है। उन्होंने मामले की शिकायत अपने एक रिश्तेदार के माध्यम से डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडेय तक पहुंचाई। इसके बाद भी उनका गेहूं ज्यादा ही तौला जाता रहा।

### क्या कहते हैं किसान...



यह बात सच है कि सरकारी क्रय केंद्रों पर ज्यादा गेहूं तौला जा रहा है। कहीं 300 ग्राम तो कहीं 500 ग्राम तक ज्यादा गेहूं तौला जा रहा है। जबकि नियमानुसार ऐसा नहीं होना चाहिए।

**-सचिन**, किसान नेता।



सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों से ज्यादा गेहूं तौला जा रहा है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। किसान खून पसीना बहाकर फसल तैयार करता है और उसे ऐसे चूना लगाया जाता है।

**- सुनील मिश्रा**, किसान।

किसानों से इस तरह ज्यादा गेहूं नहीं तौला जाना चाहिए। इस संबंध में अधिकारी और सेंटर इंचार्जों से बात की जाएगी। प्रकरण को गंभीरता से दिखवाया जाएगा। जो संभव होगा कार्रवाई की जाएगी।

**- संजय कुमार पांडेय**, एडीएम प्रशासन

# खसरे से पीड़ित बच्चे की इलाज के दौरान मौत

**कलान, अमृत विचार :** कलान क्षेत्र के भुन्नी खेड़ा निवासी यूसुफ के पुत्र मोहम्मद नबी(3) को चार दिन पहले बुखार आया था। कलान में इलाज कराया लेकिन हालत में सुधार नही हुआ। डॉक्टरों ने उसे खसरा बताया। परिवार वाले इलाज के लिए उसे बरेली के एक मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां इलाज के दौरान नबी की शनिवार दोपहर मौत हो गई। खसरे से मौत होने से गांव में सनसनी फ़ैल गई लेकिन इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव नहीं पहुंच सकी। विभाग के लोग अनभिज्ञता जाहिर कर रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. दिनेश यादव का कहना है कि इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। गांव में टीम भेज कर जानकारी कराई जाएगी अगर और लोग खसरे से पीड़ित हैं, तो उनका उपचार किया जाएगा।



केंद्र प्रभारियों की फटकार लगाते संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी सचिन कुमार, साथ में सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार व अन्य। ● अमृत विचार

- रोजा मंडी में जमकर गेहूं की आवक होने से खुले बाजार में हुई बंपर खरीद

# 40 हजार क्विंटल गेहूं आया, सरकारी खरीद मात्र चार हजार

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार :** रोजा मंडी प्रशासन की ढुलमुल नीति के चलते सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद नाममात्र हो रही है। शुक्रवार को रोजा मंडी में जमकर गेहूं की आवक होने से खुले बाजार में बंपर खरीद हुई, जिससे खुले बाजार में गेहूं के दामों में उछाल आया। संभागीय विपणन अधिकारी ने रोजा मंडी का निरीक्षण कर गेहूं खरीद को लेकर केंद्र प्रभारियों की जमकर लताड़ लगाई।

रोजा मंडी में गेहूं खरीद के लिए 24 क्रय केंद्र स्थापित किये गए है। गेहूं की आवक शुरू होते ही यहां गेहूं के दाम समर्थन मूल्य से ऊपर पहुंच गए थे। जिससे किसान गेहूं क्रय केंद्र पर न लाकर खुले बाजार में बेच रहा था। जिसको लेकर अधिकारियों के माथे पर बल पड़ गए। आनन फानन में अधिकारियों ने फ्लोर मिल मालिकों व व्यापारियों से वार्ता की। उसके बाद गेहूं के दामों में गिरावट आ गई और केंद्र प्रभारियों ने आढ़तों पर जाकर गेहूं खरीद शुरू कर दी थी। जिससे सरकारी खरीद बढ़ गई। तीन दिन बाद व्यापारियों ने आढ़तों से जबरन खरीद को लेकर विरोध किया, मामला डीएम आवास से लेकर हड़ताल तक पहुंच गया। व्यापारियों की हड़ताल से मंडी अधिकारियों में खलबली मचा दी। बाद में बैठक में तय हुआ कि आढ़तों से जबरन गेहूं खरीद नहीं की जाएगी। शुक्रवार को रोजा मंडी में गेहूं की लगभग 40 हजार क्विंटल आवक दर्ज की गई, लेकिन सरकारी क्रय केंद्रों पर मात्र चार हजार क्विंटल गेहूं की खरीद हो सकी। शनिवार को संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी सचिन कुमार ने क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया और खरीद को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र प्रभारियों की जमकर लताड़ लगाई। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडे, मंडी सचिव प्रवीण कुमार अवस्थी, केंद्र प्रभारी राम कैलाश सोनकर, श्रवण कुमार वर्मा, त्रिपुरेश तिवारी, आलोक कुमार भट्ट आदि मौजूद थे।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024

अगर आपके पास मतदाता पहचान पत्र (EPIC) नहीं है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य इन 12 दस्तावेजों में से कोई भी एक अपने साथ लेकर पोलिंग बूथ जाएं और अपनी पहचान स्थापित करें

01 आधार कार्ड
02 मनरेगा जॉब कार्ड
03 बैंक/डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक
04 स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी)
05 ड्राइविंग लाइसेंस
06 पैन कार्ड
07 स्मार्ट कार्ड (एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी)
08 भारतीय पासपोर्ट
09 पेंशन दस्तावेज़ (फोटोग्राफ सहित)
10 फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा जारी)
11 आधिकारिक पहचान पत्र (सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए)
12 विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी कार्ड)

मतदाता सूची में अपना नाम चेक करें और बनें जागरूक मतदाता

| मतदान कार्यक्रम | मतदान की तारीख |
|---|---|
| प्रथम चरण | 19 अप्रैल, 2024 |
| द्वितीय चरण | 26 अप्रैल, 2024 |
| तृतीय चरण | 7 मई, 2024 |
| चतुर्थ चरण | 13 मई, 2024 |
| पंचम चरण | 20 मई, 2024 |
| षष्ठम चरण | 25 मई, 2024 |
| सप्तम चरण | 1 जून, 2024 |

मैं हूँ ना!! वोटर लिस्ट में? भागीदार बनें जिम्मेदार बनें Voter Helpline App ऐप में चेक करें # मैं हूँ ना
QR CODE FOR CEO WEBSITE
QR CODE FOR VOTER HELPLINE APP

वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम
NOTHING LIKE VOTING, I VOTE FOR SURE

मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in तथा https://voterportal.eci.gov.in अथवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट https://ceouttarpradesh.nic.in पर अपने Mobile No. द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

#एक वोट देश के लिए
अपने क्षेत्र में मतदान की तिथि जानने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें

voiceofvotersup | @ceoup | ceo_up | @ceoup | हेल्पलाइन : 1950/1800 180 1950
मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें : 9058575790 8077383286
- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिंल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग

पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक



ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

# कई लोगों की चली गई जान फिर भी नहीं हटा अतिक्रमण

## राजीव चौक पर कब्जामुक्त नहीं कराया जा रहा फुटपाथ

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचारः** राजीव चौक पर कई लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रशासन और जनप्रतिनिधि दोनों मौन हैं। फुटपाथ को कब्जामुक्त नहीं कराया जा रहा है।

व्यापारियों ने बताया कि कुछ ही दिन पहले ग्राम रहदेवा की गुड्डी देवी(50) की मौत पुलिया पर ट्रक से कुचलकर हो चुकी है। राजीव चौक के निकट मोहल्ला शास्त्री नगर का 12 साल का बच्चा ट्रक की चपेट में आकर जान गंवा चुका है।

प्लंबर का काम करने वाला एक सिख युवक राजीव चौक पर साइकिल पर सवार होकर कहीं जा रहा था। राजीव चौक पर हुई दुर्घटना में उसकी मौत हो गई थी। इसके अलावा राजीव चौक के निकट कुछ ही मीटर की दूरी पर निगोही रोड पर कुलदीप पाठक की 15 वर्षीया पुत्री की मृत्यु भी दुर्घटना में हो गई थी। जेवां निवासी एक युवक की बाइक दुर्घटना में मौत भी राजीव चौक के पास होली वाले दिन हुई थी। आए दिन लोग दुर्घटनाओं में घायल हो रहे हैं। इस तरह की घटनाएं आए दिन होती रहती हैं। इसके बाद भी अतिक्रमण हटाने की जहमत नहीं उठाई जा रही है। फुटपाथ पर कब्जे के चलते वाहन सवार और पैदल निकलने वालों को दिक्कत होती है। अतिक्रमण के चलते लोग इधर-उधर से निकलते है जिससे कही से भी गाड़ी आने से हादसे का डर बना रहता है।


राजीव चौराहे पर कई बार बनती है वाहनों के टकराने की स्थिति। ● अमृत विचार

● **अधिकारी और जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान, लोग परेशान**

### क्या कहते हैं व्यापारी


राजीव चौक से निकले सभी मार्गों के फुटपाथ ही नहीं सड़क पर व्यापारी, ई-रिक्शा, ठेला, वालों ने अवैध कब्जा कर रखा है। से लोग दाएं-बाएं से निकलने को मजबूर हैं और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।
–**राजीव कुमार राजे** इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी।


हर कोई अपनी रोटी सेक रहा है। जनता मरे या जिए क्या फर्क पड़ता है। कोई भी नेता आपका समर्थन करने नहीं आएगा पुवायां के सभी मार्गों पर अस्थाई दिखने वाला अतिक्रमण भी राजीव चौक पर स्थाई नजर आता है।
–**राजेश गुप्ता**, समाजसेवी


अतिक्रमण बहुत ही ख़तरनाक है। राजीव चौक पर बच्चों को बाइक से लेकर निकलते हैं और बुजुर्ग को भी बहुत खतरा है। राजीव चौक पर ट्रैफिक लाइट लगाई जानी चाहिए। कोई भी वाहन कही से भी आ जाता है। जिससे पैदल और चालकों को दिक्कत होती है।
– **संतोष**, व्यापारी

नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत अस्थाई व स्थाई अतिक्रमण कार्यों को चिन्हित कर लिया गया है। सभी चिन्हित किए गए अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजा गया है। उप जिलाधिकारी से निर्देश मिलने के बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। नो पार्किंग जोन में राजीव चौक से 200 मीटर की दूरी तक सभी मार्गों को शामिल किया गया है। अगर सभी मार्गों पर सड़क किनारे कोई भी व्यक्ति अपनी गाड़ी खड़ी करता है या अतिक्रमण करता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई नगर पालिका की ओर से की जाएगी।
–**सत्येंद्र प्रकाश**, ईओ नगर पालिका।

# मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश पर कांट के झोलाछाप पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **ढाई माह पूर्व इलाज के बाद हुई थी युवक की मौत, पुलिस ने नहीं लिखी थी रिपोर्ट**

**अमृत विचारः** कांट थाना क्षेत्र के गांव इमलिया निवासी सुरेंद्र पाल ने बताया कि 10 जनवरी 24 को उसके पुत्र अमित कुमार को बुखार आया था। वह कांट पीएचसी पर दवा लेने जा रहा था। रास्ते में झोलाछाप आशीष कुमार निवासी बहलोलपुर थाना कांट ने उसे कहा कि चिंता मत करो, बुखार ठीक हो जाएगा। आरोपी आशीष खुद को डॉक्टर बताता है। उसने भुड़िया गांव में दुकान खोल रखी है। अमित ने विश्वास कर उससे दवा ले ली थी। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। आरोपी ने अमित को दुकान पर बुलाया और मलेरिया बताकर दवा दे दी। आरोपी ने कहा कि रात में आठ बजे सोते समय दूध के साथ दवा ले लेना। 14 जनवरी की रात में उसके बेटे ने दूध के साथ दवा खाई और एक घंटे बाद उल्टियां शुरु हो गयी। सुरेंद्र ने आरोपी झोलाछाप आशीष को फोन लगाया तो आरोपी ने कहा उसे लेकर दुकान पर आ जाओ। वह बेटे को आरोपी झोलाछाप की दुकान पर ले गया। उसने बेटे की ग्लूकोज में दवा मिलाकर ड्रिप लगा दी। झोलाछाप ने उससे कहा ठीक हो जाएगा। 15 जनवरी की तबीयत खराब होने पर बहाना करके डॉक्टर निकल गया। वह अपने बेटे को लेकर बंथरा में एक मेडिकल कॉलेज आया। जहां डॉक्टर ने उसके बेटे को मृत घोषित कर दिया था। सुरेंद्र पाल ने थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उन्होंने एक फरवरी को मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र भेजा। प्रभारी निरीक्षक दया शंकर ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश पर झोलाछाप आशीष के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# मुख्य वाणिज्य निरीक्षक ने स्टेशन पर स्टॉल व वेंडरों का खाना किया चेक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मुख्य वाणिज्य निरीक्षक ने टीम के साथ स्टेशन पर शनिवार दोपहर स्टॉल पर बिकने वाली पानी की बोतल, नमकीन, पेप्सी आदि की एक्सपायरी डेट देखी। निर्देश दिए गए कि खाने के पैकेट पर तारीख तथा समय डाला जाए। चेकिंग से वेंडरों में अफरा-तफरी मच गयी।

मुख्य वाणिज्य निरीक्षक एसके ठाकुर, स्टेशन अधीक्षक पीएस तोमर तथा स्वास्थ्य निरीक्षक त्रिलोक चंद ने टीम के साथ शनिवार की दोपहर सवा बारह बजे स्टेशन पर एक, चार तथा पांच पर स्थित स्टॉल को चेक किया। टीम ने संचालक के मेडिकल प्रमाणपत्र, तथा परिचय पत्र देखा गया। निर्देश दिए कि गले में परिचय पत्र डालकर और वर्दी में रहेगे। टीम ने स्टॉल पर रेल नीर पानी बोतल, नमकीन, पेप्सी, बिस्कुट आदि की एक्सपायरी डेट देखी। उन्होंने कहा कि एक्सपायरी तिथि की कोई चीज सटॉल पर नहीं बेची जाएगी।

स्टेशन पर खाने का पैकेट बेच रहे वेंडरों का खाना चेक किया। उन्होंने वेंडरों को निर्देश दिए कि खाने के पैकेट पर मूल्य, पैकिंग का समय तथा तिथि डाली जाए। यदि यह चीज लिखी नहीं मिली तो लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएग। सब्जी पॉलीथिन में नहीं होनी चाहिए। सभी वेंडर अपना परिचयपत्र गले में टांग कर रखेंगे। टीम ने निर्देश दिए कि जनता भोजन का पैकेट रखा जाए।

बता दें खाने की गुणवत्ता को लेकर कई बार यात्रियों के द्वारा स्टेशन के कार्यालय पर शिकायत की गई है। भोजन या पैकेट बंद खाद्य सामग्री एक्सपायरी डेट की निकली है तो कई बार उनमें प्रयोग की गई सामग्री का स्तर ठीक नहीं निकला। इन शिकायतों के आधार पर समय समय पर चेकिंग अभियान चलाया जाता है।


स्टेशन पर स्टॉल चेक करती टीम। ● अमृत विचार

● **खाने के डिब्बे में तारीख और समय डालने के निर्देश**

Lifelines OF BAREILLY MEDICAL अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582


डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षणः- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448


डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## रंजिशन मारपीट में महिलाओं समेत तीन घायल

**जलालाबाद।** क्षेत्र के गांव चंदियुरा बहादुरपुर निवासी मालती पत्नी छोटे लाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते दिन जब वह जलालाबाद जा रही थी, तभी गांव के ही पांच लोगों ने उन पर हमला कर दिया। जिससे उनके पैर में चोट लग गई और वह घायल हो गई। हमलावरों में से किसी ने तमंचे से फायर किया, जिसमें वह बाल-बाल बच गई। उसने आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उधर, जलालाबाद नगर के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी राजेश ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी मोहल्ले में परचून की दुकान है, एक व्यक्ति सौदा खरीदने आया था। इसी दौरान उसने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर उसकी व साथी उषा की पिटाई कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने राजेश के कपड़े फाड़ दिए। पुलिस ने तहरीर लेने के बाद पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# बाबा तरसेम सिंह का हत्यारोपी ग्राम प्रधान खीरी से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/मकसूदापुर

● **मकसूदापुर के गांव कुईयां महोलिया का निवासी है आरोपी**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड पुलिस ने बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के आरोपी मकसूदापुर के ग्राम प्रधान सतनाम सिंह को खीरी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को उत्तराखंड के खटीमा थाने से जेल भेज दिया गया है। आरोपी ग्राम प्रधान पर बाबा की हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप है।

28 मार्च 2024 को डेरे में घुसकर बाइक सवार शूटर तरनतारन पंजाब निवासी सर्बजीत सिंह, बिलासपुर, यूपी निवासी अमरजीत सिंह ने गोली मारकर बाबा तरसेम सिंह की हत्या कर दी थी। अमरजीत को पिछले दिनों पुलिस ने हरिद्वार में मुठभेड़ में मार गिराया था। सर्वजीत अब भी फरार बताया जा रहा है। इसी केस में बंडा थाना क्षेत्र के गांव मकसूदापुर का ग्राम प्रधान व गांव कुईयां महोलिया का निवासी सतनाम सिंह अब तक फरार था। उत्तराखंड पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। उसे पकड़ने के लिए गांव में कई बार दबिश भी दी जा चुकी थी, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आया था। आरोपी के एक रिश्तेदार को भी बीते दिनों पुलिस ने हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया। मकसूदापुर के संभ्रांत लोगों ने बताया कि बीते दिनों उत्तराखंड पुलिस ने आरोपी सतनाम सिंह के गांव पहुंच कर उसकी जमीन और मकान को चिन्हित किया था। चेतावनी दी गई थी कि अगर सतनाम सिंह जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में नहीं आता है तो उसकी संपत्ति पर बुलडोजर चला दिया जाएगा।

# प्लेटफार्म चार पर ट्रेन के एनाउंस की व्यवस्था नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म चार ट्रेन के एनाउंस के लिए स्पीकर की व्यवस्था नहीं है। प्लेटफार्म पर खड़े यात्रियों को पता नहीं चल पाता है कि कौन सी ट्रेन आ रही है। जिससे यात्री असमंजस की स्थिति में रहते है। जबकि अन्य प्लेटफार्म पर एनाउंस के लिए स्पीकर लगे है।

रेलवे स्टेशन ए श्रेणी ग्रेड में आता है। यहां पर पांच प्लेटफार्म है। अमृत योजना के तहत प्लेटफार्म दो और तीन पर निर्माण कार्य चल रहा है और प्लेटफार्म को ऊंचा किया जा रहा है। प्लेटफार्म चार और पांच से शाहजहांपुर-लखनऊ पैसेंजर, शाहजहांपुर-बालामऊ पैसेंजर तथा शाहजहांपुर-सीतापुर पैसेंजर का संचालन होता है। जबकि प्लेटफार्म तीन व चार चल रहे निर्माण कार्य को लेकर बरेली की ओर जाने वाली पैसेंजर तथा एक्सप्रेस ट्रेनों को प्लेटफार्म चार पर लिया जा रहा है। प्लेटफार्म चार पर ट्रेनों के संचालन के लिए फुटओवर ब्रिज पर एक स्पीकर लगा हुआ है। प्लेटफार्म चार पर ट्रेनों के एनाउंस के लिए स्पीकर नहीं लगे है। प्लेटफार्म पर खड़े यात्रियों को पता नहीं चल पाता है कि कौन सी ट्रेन आ रही है। यात्री असमंजस की स्थिति में रहता है। इसके अलावा प्लेटफार्म चार पर पर्याप्त मात्रा में लाइट नहीं लगी है। कुछ स्थानों पर अंधेरा रहता है। यात्रियों ने कहा कि प्लेटफार्म चार पर ट्रेन के एनाउंस के लिए कम से कम तीन स्पीकर लगाए जाए। सीएमआई एके ठाकुर ने बताया कि संबंधित अधिकारी को इस संबंध में दिशा निर्देश दिए जाएंगे।


प्लेटफार्म नंबर चार पर खड़ी ट्रेन। ● अमृत विचार

● **पर्याप्त मात्रा में लाइट नहीं होने से कुछ स्थानों पर रहता है अंधेरा**

## एक नजर

### रामकली के रूप में हुई वृद्धा की शिनाख्त

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद–कांट रोड पर गुरुवार की शाम सड़क के किनारे एक महिला छटपटाती हुई मिली थी। बाइक सवार ने उसे मेडिकल कालेज भेज दिया था। इलाज के दौरान मौत हो गई थी। महिला की उम्र 60 साल थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मोर्चरी में शव को रखवा दिया था। चौक कोतवाली के मोहल्ला कुंवरगंज निवासी राम शंकर पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचा और शिनाख्त मां रामकली के रूप में की। उन्होंने बताया कि उसकी बहन सदावती कांट थाना क्षेत्र के गांव अकर्रा रसूलपुर में रहती है। उसकी मां सुबह दस बजे बेटी के घर जाने के लिए निकली थी। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### कॉलोनी की दीवार तोड़ने का जताया विरोध

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली क्षेत्र में बरेली मोड़ पर स्थित आवास विकास कॉलोनी में सेक्टर पांच में डंपिंग ग्राउंड है। शुक्रवार की शाम को बाउंड्री वॉल से सटी एक अन्य कॉलोनी के कुछ लोगों ने बाउंड्री को तोड़ दिया और आवास विकास कॉलोनी से रास्ता निकालने लगे। लोग बाउंड्री वॉल तोड़े जाने का विरोध जताते हुए एकत्रित हो गए। दूसरी कॉलोनी के लोग भी एकत्रित हो गए। दोनों पक्षों में नोकझोंक होने लगी। पुलिस चौकी अजीजगंज के दरोगा प्रमोद कुमार सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया।

### स्टेशन पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**शाहजहांपुर।** जीआरपी थाना प्रभारी रेहान खां ने बताया कि शुक्रवार की शाम पांच बजे सूचना मिली कि तिलहर रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा है। पुलिस उसे मेडिकल कॉलेज ले गई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी उम्र 55 साल है। बताते है कि वह स्टेशन परिसर में भीख मांगा करता था। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

## कमरे में पंखे के कुंडे में साड़ी के फंदे पर लटका मिला शव

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव डूडा में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव शनिवार सुबह कमरे में पंखे के कुंडे में साड़ी से फंदे पर लटका मिला। भाई ने बहन के ससुराल वालों पर दहेज की खातिर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई का भरोसा देकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

पीलीभीत के थाना पूरनपुर के गांव महुआ गुंदे निवासी रजनीश कुमार ने बताया कि उसने अपनी बहन लक्ष्मी की शादी डेढ़ वर्ष पहले पुवायां के गांव डूंडा निवासी सुधीर मिश्रा के साथ काफी दान दहेज देकर की थी लेकिन दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं थे। आरोप लगाया कि शादी होने के कुछ समय बाद से ही लक्ष्मी को अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये और बुलेट बाइक की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। उसने और बहन ने ससुरालियों को समझाया कि वह लोग और दहेज दे पानी की स्थिति में नहीं हैं, इसके बाद भी ससुरालियों का उत्पीड़न जारी रहा। गुरुवार को बहन की मौत की जानकारी मिलने पर डूंडा पहुंचा तो लक्ष्मी का शव बरामदे में रखा मिला। आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने मिलकर 12 अप्रैल की रात को लक्ष्मी को जान से मार डाला और फंदे पर लटका दिया। पुलिस ने मामले की जानकारी कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा किए। वहीं ससुराल वाले फंदे पर लटक कर आत्महत्या की बात कह रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित परिवार को जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया है।



परिजनों से घटना के बारे में जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

### सुधीर की दूसरी पत्नी थी लक्ष्मी

इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार राय ने बताया कि मृतका की शादी अभी डेढ़ वर्ष पूर्व सुधीर के साथ हुई थी। सुधीर की लक्ष्मी पत्नी है। पहली पत्नी से सुधीर के दो बच्चे हैं, जिसमें एक लड़की व एक लड़का है। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि सुधीर अपनी पहली पत्नी की भी हत्या कर चुका है।

### पति व सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** कांट थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसके पति अंकुर सिंह बहराइच में पुलिस में है। आरोप है कि ससुराल वाले प्रताड़ित कर मारपीट करते है। देवर गंदी नजर रखता है। सास कई बार उसे मार चुकी है। पुलिस ने आरोपी देवर आकाश सिंह व सास पुष्पा सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

> एक महिला का शव फंदे से उतारा गया है, मृतका के मायके वाले दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर हत्या किए जाने का आरोप लगा रहे है, फिलहाल शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **– प्रदीप राय, इंस्पेक्टर पुवायां**, कोतवाली

# महिला समेत दो लोगों की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **सदर बाजार तथा जलालाबाद में हुईं घटनाएं**

**अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग स्थानों पर महिला समेत दो की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले सदर बाजार और जलालाबाद क्षेत्र के है। दोनों के परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है।

मिर्जापुर जिले के गांव कंधेरा निवासी राम सुधार ने बताया कि उसका पुत्र रत्नेश(28) सदर बाजार थाना क्षेत्र में मोहल्ला सैनिक कॉलोनी में एक किराए के मकान में रहता था। वह यहां एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। उसके कमरे में विपिन भी रहता था। शुक्रवार की रात नौ बजे दोनो ने खाना खाया। रात दस बजे रत्ननेश के सीने में दर्द उठा। विपिन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता राम सुधार यहां पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। उनका कोई आरोप नहीं है। वह दो भाइयों में बड़ा था। शादी नहीं हुई थी। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि मृतक के परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है।

इधर जलालाबाद के गांव अतिवरा निवासी धीरेंद्र सिंह की शादी कई साल पहले मनोरमा(30) निवासी बीसलपुर के साथ हुई थी। शुक्रवार शाम सात बजे उसकी तबीयत खराब हो गई। ससुराल वाले उसे मेडिकल कॉलेज ले आए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतका के पति धीरेंद्र ने बताया वह एक माह से बीमार चल रही थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। उसके तीन बच्चे है।

# तीन बहुओं को पीटकर घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **सदर बाजार, खुदागंज तथा चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई**

**अमृत विचार :** शहर में ससुराल वालों ने दहेज के लिए तीन बहुओं को मारा पीटा और घर से निकाल दिया। ससुराल वालों के खिलाफ थाना सदर बाजार, चौक कोतवाली तथा खुदागंज थाना में दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उसने पुत्री प्रिया सिंह की शादी कई साल पहले आलोक चौहान निवासी उखरी सरस्वती पैलेस थाना सदर बाजार जिला आगरा के साथ की थी। ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वाले 17 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। बेटी ने असमर्थता जाहिर की थी। वह गर्भवती थी। उसने फोन कर बताया था कि ससुराल वाले प्रताड़ित करते है। वह अपनी बेटी की ससुराल छह अगस्त 23 को गया और अपने साथ ले आया। उसकी बेटी ने 25 सिंतबर 23 को एक प्राइवेट अस्पताल में बेटी को जन्म दिया। फिर भी ससुराली उसे विदा कराने नहीं आए। वह एक माह पूर्व अपनी बेटी को छोड़ने ससुराल गया तो ससुराल वालों ने कहा कि पहले रुपये लेकर आओ तब प्रिया को रखेंगे। वह उसे वहीं छोड़कर आ गया। आरोप है कि 13 जनवरी 24 को ससुरालियों ने प्रिया को मारा पीटा और घर से निकाल दिया। उन्होंने तहरीर दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पति आलोक चौहान, अंजू दंवी, सुरेंद्र सिंह समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वहीं, चौक कोतवाली के मोहल्ला अजीजगंज नवासी हेमा सागर ने बताया कि आठ साल पहले धमेंद्र पाल निवासी अजीजगंज कोतवाली के साथ हुई थी। ससुराल वाले बाइक व दो लाख रुपये के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। शादी के बाद उसने दो बेटों को जन्म दिया। आरोप है कि 20 फरवरी 23 को रात नौ बजे ससुराल वालों ने उसे पीटकर घर से निकाल दिया। वह मायके में रह रही है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि पति धमेंद्र पाल, राममूर्ति, राजेश्वरी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर, खुदागंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला नयागंज निवासी दीपा सिंह ने बताया कि उसका विवाह चार साल पहले दीपक सिंह निवासी ढकिया तिवारी थाना निगोही के साथ हुई थी। ससुराल वाले दो लाख रुपये व बाइक की मांग करने लगे। ससुराल वाले आए दिन मारपीट किया करते थे। आरोप है कि 6 फरवरी 24 को ससुराल वालों ने दीपा सिंह को मारा पीटा और घर से निकाल दिया। पुलिस ने दीपक सिंह समेत छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट

**खुटार।** दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। क्षेत्र के गांव हरनाई निवासी सेतराम की पत्नी अंकिश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 12 अप्रैल की रात करीब आठ बजे गांव के ज्वाला, रामगोपाल से किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी हो गई थी। जिससे नाराज दोनों लोगों ने गाली गलौज की। विरोध करने पर पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गई। उधर, दूसरे पक्ष से जालिम की पत्नी जमुना देवी ने बताया कि पड़ोस के पवन और उसकी बहन अंकित, रबीना गाली गलौज करने लगे। इस बात का विरोध किया तो पिटाई कर दी।

### वारंटी समेत दो पकड़े

**शाहजहांपुर।** रोजा थाने के उपनिरीक्षक प्रांजल सिंह यादव ने पैतापुर रोड पर तिराहे पर अभियुक्त अभिषेक गुप्ता को तमंचा व एक कारतूस समेत गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त पर पहले से चोरी आदि के तीन मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। इधर गढ़िया रंगीन थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार रावत ने बताया विनीत कुमार निवासी डभौरा थाना गढ़िया रंगीन के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# सालिगराम के गोली मार कर हत्या के मुख्य आरोपी दामाद का भांजा गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **आरोपी संजय की तलाश में टीम बरेली व हरदोई रवाना**

**अमृत विचार :** शहर में सालिगराम हत्याकांड में दामाद समेत दो लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी दामाद के भांजे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीमें आरोपी दामाद की तलाश बरेली और हरदोई गई है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला भारद्वाजी निवासी रामदेवी पत्नी सालिगराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 11 अप्रैल को वह अपने पति के साथ बड़ी बेटी दीप माला उर्फ लक्ष्मी निवासी रौसर कोठी थाना रामचंद्र मिशन के घर गई थी। उसकी छोटी बेटी खुशबू 15 दिन से दीपमाला के घर रह रही थी। उसने अपनी बेटी खुशबू की शादी दस माह पूर्व संजय उर्फ सज्जन निवासी बाईबाग हाईडिल कालोनी थाना सदर बाजार के साथ की थी। शादी के बाद से ही उसका दामाद संजय अपने पिता के स्थान पर मिलेट्री में नौकरी लगवाने के लिए रुपये मांगता था। शादी के पांच माह बाद उसके पति सालिगराम ने संजय को 50 हजार रुपये दिए थे। उन्होंने दामाद से कहा था कि मैं रिटायर हो चुका हूं और इससे अधिक रुपये नहीं दे सकता हूं। लेकिन दामाद संजय तीन लाख रुपये की मांग करने लगा।

रुपये न देने पर वह उसकी पुत्री खुशबू को परेशान करने लगा। उसकी पुत्री एक जनवरी 21 को मायके में आ गयी थी। 15 दिन पहले उसकी पुत्री अपनी बडी बहन दीप माला के घर चली गई थी। आरोपी दामाद संजय तीन लाख रुपये न देने पर आए दिन उसके परिवार वालों को धमकी दिया करता था। रामदेवी का आरोप है कि शुक्रवार को दिन में चार बजे उसका दामाद सालिगराम अपने भांजे अंकुर निवासी रौसरकोठी थाना रामचंद्र मिशन के साथ बाइक से उसकी बड़ी बेटी के घर पर आया। आरोपी संजय ने उसके पति से कहा कि तीन लाख रुपये के साथ खुशबू को मेरे साथ भेजो। उसके पति ने कहा कि खुशबू को नहीं भेजेंगे और न ही तीन लाख रुपये देंगे। उसने कहा कि खुशबू को ले जाने से कोई नहीं रोक सकता है। आरोप है कि संजय ने तमंचा से अपने ससुर के गोली मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि संजय तथा अंकुर के खिलाफ हत्या की आदि धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी अंकुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीमें मुख्य आरोपी संजय की तलाश में बरेली, हरदोई गई है। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है।

मेरा गोण्डा, मेरी शान।। 20 मई को करें मतदान।।

कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, गोण्डा

पत्रांक : स0शि0/लेखा0/431/2024–25 दिनांक:– अप्रैल 2024

समस्त गोण्डा वासियों से बेसिक शिक्षा विभाग की अपील

☑ लोक तंत्र के इस महापर्व पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, स्वयं मतदान करें तथा अपने आस–पड़ोस के प्रत्येक मतदाता को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए स्वतंत्र व निशपक्ष मतदान संपन्न कराये करें।


☑ 01 अप्रैल 2024 से नवीन शैक्षिक सत्र प्रारम्भ हो चुका है, अत: 6–14 आयु वर्गके प्रत्येक बच्चे को उनके घर के निकटवर्ती परिषदीय प्राथमिक /उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालय में नामांकित कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करायें।

☑ 15 से 35 आयु वर्ग का यदि कोई व्यक्ति निरक्षर है, तो उसका विवरण नजदीकी विद्यालय में उपलब्ध करायें, जिससे उन्हें भी नव भारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत साक्षर बनाने की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकें।

☑ नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में प्रदत्त व्यवस्थानुसार अलाभित समूह व दुर्बल के अधिक से अधिक बच्चों को उनके पड़ोस के गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालय में नामांकित कराते हुए उनकी प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

☑ 01 अप्रैल 2024 से संचारी रोग से बचाव हेतु निम्नलिखित उपाय अपनायें :–

1. नियमित रूप से मच्चछरों से बचाव हेतु दरवाजों व खिड़कियों पर जाली का प्रयोग।
2. मच्छरदानी का प्रयोग, मच्छर रोधी उपायों का प्रयोग, तथा अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने दे, पानी की टंकी पूरी तरह से ढंक कर रखें।
3. बच्चों को पूरी आस्तीन का कपड़ा पहनायें।
4. घर और कार्य स्थल के आस–पास तथा नालियों में पानी जमा न होने दें।
5. खुले में शौच न जांय।
6. बुखार हाने पर उसका नजदीकी चिकित्सक से तत्काल इलाज प्रारम्भ करायें।


मतदान है जरुरी



प्रेमचन्द्र यादव
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गोण्डा



एम अरुन्मोलि
मुख्य विकास अधिकारी
गोण्डा



नेहा शर्मा
जिलाधिकारी
गोण्डा

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार

सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीवी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

# ईवीएम की सुरक्षा को सतर्क रहें अधिकारी

## डीएम ने किया स्ट्रांग रूम व मतगणना कक्षों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने शनिवार को रोजा मंडी स्थित सेंट्रल वेयर हाउसिंग कारपोरेशन में बनाए गए स्ट्रांग रूम व मतगणना कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम व मतगणना कक्षों में कराए जा रहे सफाई कार्य जल्द से जल्द पूरा करा लिए जाए। अधिकारियों को ईवीएम रख-रखाव एवं स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के निर्देश दिए।

डीईओ ने कहा कि ईवीएम संरक्षित किए जाने के लिए स्ट्रांग रूम के शेष सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाए। सुरक्षा के दृष्टिगत बिंदुओं की गंभीरतापूर्वक जांच करते हुए निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था हो। डीईओ ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्षों में साफ-सफाई, मरम्मत एवं रंगाई-पुताई इत्यादि कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम में मार्किंग करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम में खिड़कियों, रोशनदानों को ठीक ढंग से बंद किया जाये। तत्पश्चात डीएम ने पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल रामलीला ग्राउंड पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण किया। जनपद में चतुर्थ चरण में 13 मई को मतदान तथा 12 मई को पोलिंग पार्टियों की रवानगी रामलीला मैदान से की जाएगी। 11 मई को पोलिंग पार्टी रवानगी को सभी वाहन मैदान में व्यवस्थित ढंग से खड़े हो जाए, जिससे पोलिंग पार्टियों की रवानगी में किसी प्रकार से विलंब न हो। वाहनों पर समय से मार्किंग किए जाने को कहा। सफाई व्यवस्था सहित मैदान का समतलीकरण करा लिया जाए। एसपी अशोक मीणा ने सुरक्षा के दृष्टिगत निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। इस दौरान एसपी अशोक मीणा, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, नगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



### पोस्टल बैलेट की पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया

**शाहजहांपुर।** दिव्यांगों, 85 प्लस वोटरों व मतदान में तैनात कार्मिकों के लिए पोस्टल बैलट पेपर से मतदान कराया जाएगा। जिसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से लगाई गई 60-70 पोलिंग पार्टियों को शनिवार को विकास भवन सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। डीडीओ पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला कृषि अधिकारी डॉ. सतीश चंद्र पाठक, डीडी कृषि धीरेंद्र सिंह व डीआईओएस हरिवंश कुमार के द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान संपन्न कराए जाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नायब तहसीलदार, राजस्व विभाग के लोग शामिल रहे। जिनको इस बार पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान कराए जाने के लिए पोलिंग पार्टियों में लगाया गया है। यह लोग दिव्यांगों, 85 प्लस वाले बुजुर्ग मतदाताओं के घर घर जाकर वोटिंग कराएगी। साथ ही 4-9 मई तक सेंट पाल्स इंटर कॉलेज में होने वाले दूसरे प्रशिक्षण में मतदान कार्मिकों के विधानसभा वार होने वाले पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए लगी टीमों को भी अधिकारियों ने विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

### चुनावों को लेकर पहला रैंडमाइजेशन हुआ

**शाहजहांपुर।** लोकसभा चुनाव और उप चुनाव ददरौल को सकुशल कराने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का प्रथम रैंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में आयोग के ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक प्रताप सहित अन्य संबंधित अधिकारी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### कब्जे की शिकायत लेखपाल ने की पैमाइश

**खुदागंज।** गांव नौसना निवासी शिवम ने विगत सप्ताह उच्च अधिकारियों से खाद के गड्ढों पर कब्जा कर मकान बनाए जाने की शिकायत की थी। इसके बाद हल्का लेखपाल धीरज मिश्रा मौके पर पहुंचे और घर बनाए जाने वाले लोगों को कड़ी चेतावनी दी। आरोप है कि कई लोगों ने खाद के गड्ढों की जमीन पर कब्जा कर अपने घर बना लिए हैं। लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर पैमाइश करते हुए कब्जा करने वालों को कड़ी चेतावनी देकर कब्जा हटाने के निर्देश दिए।

### युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** रोजा के मोहल्ला आईटीआई कॉलोनी निवासी सुदामा ने बताया गुरुवार की सुबह मोहल्ले के दीपक से कहासुनी हो गई थी। आरोपी गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने साथियों के साथ उसे पीट दिया। पुलिस आरोपी दीपक व नरेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# चुनाव डयूटी में जाएंगी निगम की 40 बसें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



रोडवेज बस स्टैंड पर खड़ी बसें। ● अमृत विचार

● डिपो को चार नई बसें मिलीं, बसों के बढ़ेंगे फेरे

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की डयूटी के लिए निगम के बसों की अधिग्रहण की तैयारी शुरु हो गई है। चुनाव ड्यूटी में निगम की 40 बसें जाएगी। बसों के चले जाने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसके लिए बसों के फेरे बढ़ाए जाएगे। डिपो को लखनऊ मुख्यालय से चार नई बसें शनिवार को मिल गई है।

स्थानीय डिपो में निगम की 115 बसें तथा 74 अनुबंधित बसें है। निगम की करीब तीस बसें दिल्ली रूट पर संचालित हो रही है। जबकि अनुबंधित बसों का संचालन, फर्रुखाबाद, बरेली, गोला, लखीमपुर, सीतापुर, पुवायां के लिए हो रहा है। लोकसभा चुनाव तथा विधानसभा चुनाव में निगम की बसें जाती है। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने करीब 40 बसों की मांग की है। लांग रूट पर जो बसें चल रही है, उन्हीं को भेजा जाएगा। लांग रूट की बसों की संख्या कम हो जाने से यात्रियों को दिल्ली, मथुरा, कानपुर आदि जाने के लिए दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। इसके लिए निगम बसों के फेरे बढ़ा देगा। इसके अलावा लोकल रूटों के बसों के भी फेरे बढ़ा दिए जाएंगे। डिपो को लखनऊ मुख्यालय से शनिवार को निगम की चार नई बसें और मिल गयी है। एआरएम आरएस पांडेय ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में करीब 40 बसें जाएगी और अन्य बसों के फेरे बढ़ा दिए जाएंगे।

# विषम हालातों में महिला शिक्षकों व दिव्यांगो को चुनावी ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



डीडीओ पवन कुमार को चुनाव ड्यूटी संबंधी मांगपत्र देते राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सदस्य।

● राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने डीडीओ को दिया मांगपत्र

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को डीडीओ पवन कुमार से मुलाकात कर छोटे बच्चों वाली महिला शिक्षिकाओं और दिव्यांगों को चुनावी डयूटी से मुक्त रखने की मांग की। इस संबंध में डीडीओ को एक मांगपत्र भी दिया गया।

जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में डीडीओ से मिले प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि जिले में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को ड्यूटी प्राप्त कराई जा चुकी हैं। सोमवार से उनका प्रशिक्षण भी प्रारंभ हो जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जो शिक्षिकाएं प्रसूति अवकाश पर चल रही हैं, अथवा जिनके छोटे बच्चे भी हैं, उनकी ड्यूटी चुनाव में लगाई गई है। महामंत्री महेंद्र सिंह ने कहा कि जो पति-पत्नी दोनों सरकारी सेवा में हैं, उन दोनों की चुनाव में ड्यूटी लगा दी गई है, ऐसी स्थिति में किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्त किया जाए। साथ ही दिव्यांगों को भी ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। प्रतिनिधिमंडल में उपेंद्र गुप्ता, अवधेश कुमार मैथिल, रमेश शुक्ला, डॉ. अंबिका श्रीवास्तव, जनार्दन शर्मा, अमित चतुर्वेदी, विजेंद्र गंगवार, सोनी गंगवार, राखी अवस्थी आदि शामिल रहे।

# रोस्टर के हिसाब से लगाई जाएगी चौकीदारों की ड्यूटी



बैठक करते कोतवाल विशाल प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

● फोर्स रवाना होने के बाद व्यवस्था बनाने के लिए कोतवाल ने बैठक कर चौकीदारों को समझाए दायित्व

**अमृत विचार :** पुलिस कर्मियों की चुनाव में ड्यूटी लगने के बाद व्यवस्था बनाने को लेकर कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने चौकीदारों की बैठक ली। इस दौरान चौकीदारों को उनके दायित्व बता गए।

शनिवार को बैठक के दौरान कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान होने वाला है। चुनाव को लेकर कोतवाली का पुलिस फोर्स चुनाव ड्यूटी करने के लिए अलग-अलग जनपदों में रवाना होगा। कोतवाल ने बताया कि प्रमुख जगहों पर रात्रि निगरानी के लिए चौकीदारों की ड्यूटी रोस्टर के हिसाब से लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कोतवाली के 37 चौकीदारों को नगर की मुख्य बाजार, सराफा बाजार, रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन रोड आदि प्रमुख जगहों पर निगरानी के लिए लगाया जाएगा।

### पुलिस से कार्रवाई की मांग

**रौसर कोठी/शाहजहांपुर।** पार्षद सिद्धार्थ शुक्ला ने चौक कोतवाली पुलिस से शिकायत की है कि आवास-विकास कॉलोनी बरेली मोड़ के दोनों गोल चौराहा पर सुबह से ही कई ग्रुपों में लोग आ जाते हैं। बीच रोड पर बाइक खड़ी कर तो कभी बाइकों से ही स्टंट कर रील बनाते हैं। इसके चलते कई बार रोड जाम तक हो जाती है। कई बार स्टंट बनाते हुए युवक कॉलोनी के लोगों को चोटिल तक कर चुके हैं। पार्षद ने पुलिस से वार्ता कर उक्त लोगों का चिन्हीकरण कर कार्रवाई की मांग की है।

अमृत विचार Matrimonials
परिचय सम्मेलन
श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी (रजि.) बरेली द्वारा आयोजित अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 12 व 13 मई 2024 को सम्पन्न होगा। विवाह हेतु शीघ्र पंजीयन करायें। मो० 9412466473, 9897181728, 9412048525, 9927833351, 8923414444, 9927047430, 9927324855

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपनी पत्नी सुमन गोस्वामी व पुत्र भूपेंद्र गिरी गोस्वामी को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-चल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके किए किसी भी कार्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **पेशल गिरी पुत्र स्व. हरि चंद्र गोस्वामी, निवासी- 83 बी, वाटिका सनसिटी विस्तार, बरेली**

सूचना
मैं, Payel Basak पत्नी नं. 15450706L Sepoy Tirthasish Laha निवासी ग्राम बादामाईल, थाना -बालुरघाट, पोस्ट-कामारपारा, जिला -दक्षिण दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल ने नोटरी बालुरघाट पश्चिम बंगाल के समक्ष दिनांक 10.04.24 के हलफनामे के माध्यम से मेरा नाम Payel Basak Laha से बदलकर Payel Basak कर दिया है।

सूचना
मेरी पुत्री ANUBHA BHARDWAJ के स्कूल अभिलेखों में मेरा नाम SONAM BHARDWAJ पंजीकृत है,जो कि गलत है,सही नाम SONAM BHARADWAJ है। SONAM BHARADWAJ W/O SACHIN KUMAR निवासी मो. छोटा खुदागंज, होली का चौराहा, पीलीभीत।

REQUIREMENT
Wanted Experienced
PRT / TGT / PGT
Administration Assistants
Tally Accountants
Office Executive
Liaisoning Assistant
Computer Operator
ST. XAVIER SCHOOL
Sainik Vihar, Opp. Bareilly Cantt.
Chanehti, Bareilly
Mob. 8532045366

बिकाऊ है
1247 वर्गगज का प्लाट मय बाउंड्रीवॉल व गेट और पक्का साइट आफिस।
नैनीताल बाईपास रोड (हार्टमैन पुल और पुलिस चौकी अशरफ खाँ के मध्य) बरेली।
सम्पर्क
7500000102, 9837093499

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

